तापमान

भोपाल	25.6°	10.5°
इंदौर	28.8°	13.8°
जबलपुर	25.2°	7.6°
ग्वालियर	27.0°	8.5°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 53,पृष्ठ 12)
सोमवार20 जनवरी 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... आमजन व सेना के जुड़ाव को प्रोत्साहित करेगी ...

खेल... जीआई -पीकेएल : कबड्डी के सितारों ने ...

व्यापार... सर्राफा बाजार में कमजोरी के रूख से ...

देश-विदेश... खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में ...

www.naiduniaonline.com

मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा....

महाकुंभ समरसता का प्रतीकः मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ को समरसता का प्रतीक करार देते हुए रविवार को कहा कि यह विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 118वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है।

यह चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग भी बन रहे हैं। कुंभ का ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत समेत पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ में भारत के दक्षिण, पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब-अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं, एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं - तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का आयोजन इसका संकेत है कि हमारी परम्पराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उत्तर से दक्षिण तक मान्यताओं को मानने के

तरीके एक जैसे ही हैं। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है वैसे ही,दक्षिण भू-भाग में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। ये दोनों ही पर्व हमारी पवित्र नदियों से, उनकी मान्यताओं से जुड़े हुए हैं। इसी तरह कुंभकोणम से तिरुक्कड-यूर, कूड़-वासल से तिरुचेरई अनेक ऐसे मंदिर हैं जिनकी परम्पराएं कुंभ से जुड़ी हुई हैं।

श्री मोदी ने कहा कि कुंभ में युवाओं की भागीदारी बहुत व्यापक रूप में नजर आती है और जब युवा-पीढ़ी अपनी सभ्यता के साथ, गर्व के साथ जुड़ जाती है तो उसकी जड़ें और मजबूत होती हैं। इससे उसका स्वर्णिम भविष्य भी सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम इस बार कुंभ के डिजिटल का प्रयोग भी बड़े पैमाने पर कर रहे है। कुंभ की ये वैश्विक लोकप्रियता हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में गंगासागर पर मकर संक्रांति मेले का उल्लेख करते हुए कहा कि संक्रांति के पावन अवसर पर इस मेले में पूरी दुनिया से आए लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। उन्होंने कहा कि कुंभ, पुष्करम और गंगा सागर मेला हमारे ये पर्व, हमारे सामाजिक मेल-जोल को, सद्भाव को, एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं और जैसे हमारे शास्त्रों ने संसार में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, चारों पर बल दिया है। वैसे ही हमारे पर्वों और परम्पराएं भी आध्यात्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक हर पक्ष को भी सशक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने हमने पौष शुक्ल द्वादशी के दिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर्व की पहली वर्षगांठ मनाई है। इस साल पौष शुक्ल द्वादशी11 जनवरी को पड़ी थी। इस दिन लाखों राम भक्तों ने अयोध्या में रामलला के साक्षात दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। प्राण प्रतिष्ठा की ये द्वादशी भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी है। इसलिए पौष शुक्ल द्वादशी का ये दिन एक तरह से प्रतिष्ठा द्वादशी का दिन भी बन गया है। हमें विकास के रास्ते पर चलते हुए ऐसे ही अपनी विरासत को भी सहेजना है, उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ना है। मोदी ने संविधान निर्माता के सपनों के अनुरूप भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए कहा है कि इसके लिए सर्वहित, संस्कृति संरक्षण और समानता के मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना होगा। श्री मोदी कहा कि इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगाँठ है। उन्होंने कहा कि मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्वों को नमन करता हूँ, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।

अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई प्रौद्योगिकी पर हो रहा है काम

मोदी ने कहा कि 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और अभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि आईआईटी मद्रास का एक्सटेम केंद्र अंतरिक्ष में विनिर्माण के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। ये केंद्र अंतरिक्ष में 3डी प्रिंटेड बिल्डिंग, धातु फॉम और ऑप्टिकल फाइबर्स जैसे तकनीकों पर रिसर्च कर रहा है। ये सेंटर बिना पानी के कांसेंट्रेट निर्माण जैसी क्रांतिकारी विधियों को भी विकसित कर रहा है। एक्सटेम की ये शोध भारत के गगनयान मिशन और भविष्य के अंतरिक्ष केन्द्र को मजबूती देगी। इससे विनिर्माण में आधुनिक तकनीक के भी नए रास्ते खुलेगें। एक भारतीय स्पेस स्टार्टअप बेंगलुरू के पिक्सेल ने भारत का पहला निजी उपग्रह कांस्टेलेशन फायर-फ्लाई सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है।

भारत की एकता, सम्मान, गौरव के प्रतीक हैं सैनिक और खिलाड़ी : होसबाले

भोपाल (काप्र)।

क्रीड़ा भारती के जिजामाता सम्मान समारोह में देश के प्रसिद्ध खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान

एक सैनिक और खिलाड़ी राष्ट्र का ध्वज लेकर चलते हैं। वे देश के किसी भी कोने से आये हों, वे किसी जाति-भाषा के नहीं अपितु देश के होते हैं। ऐसे सैनिकों और खिलाड़ियों के प्रति देश के नागरिक कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। सैनिक और खिलाड़ी भारत की एकता, सम्मान और गौरव के प्रतीक हैं।

यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने क्रीडा भारती के जिजामाता सम्मान समारोह में व्यक्त किए। समारोह का आयोजन रविन्द्र भवन, भोपाल में हुआ, जिसमें 6 खिलाड़ियों की माताओं का सम्मान किया गया। समारोह में अतिथि के रूप में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख भाई मांडविया, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री चेतन कश्यप उपस्थित रहे।

इस अवसर पर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि पदक विजेता खिलाड़ियों को जिन्होंने तैयार किया, उनके परिश्रम और संघर्ष को चिन्हित करना और उसे सम्मान देना, यह बहुत महत्व की बात है। हम जानते हैं कि जिजामाता ने प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने बेटे को छत्रपति बनाया। जिजामाता श्रेष्ठ माँ के साथ-साथ कुशल प्रशासक भी थीं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब की कैद में थे तब जिजामाता ने राज्य का कुशलता से संचालन किया। जिजामाता ने संकल्प लिया था कि मेरा बेटा किसी की नौकरी नहीं करेगा। वह शासक बनेगा और समाज की सेवा करेगा। जिजामाता दृढ़ संकल्प की उदाहरण हैं। यह सभी गुण हमें शिवाजी महाराज के जीवन में दिखाई देते हैं। जिजामाता ने शिवाजी महाराज को बचपन से ही रामायण और महाभारत की कहानियां सुनाकर उन्हें बताया कि शिवाजी महाराज को कैसा बनना है। उन्होंने कहा कि (शेष पेज 2 पर)

खास-खबरें

केजरीवाल पर नहीं हुआ था किसी तरह का हमलाः वर्मा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा नेता एवं नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ है बल्कि वह जनता से सवालों के बचने के लिए सभा स्थल से भाग गये थे। श्री वर्मा ने रविवार सुबह संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार रहे हैं इसलिए उन्होंने हमले की झूठी कहानी रची है। उन्होंने कहा कि 12 साल की विधायकी के बाद भी श्री केजरीवाल आज नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जब प्रचार को जाते हैं तो वहाँ जनता सवाल पूछती है और सवालों का जवाब देने की बजाय वह भाग जाते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता बेहद खराब

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत से 1.6 डिग्री अधिक है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक सुबह नौ बजे 346 रहा जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। वहीं शनिवार को 24 घंटे का औसत एक्यूआई 255 दर्ज किया गया, जो शाम चार बजे खराब श्रेणी में था। सुबह 8:30 बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत दर्ज किया गया। भारत मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई है।

राहुल को नहीं पता कि इंदिरा और नेहरू ने

संविधान के साथ कैसे छेड़छाड़ कीः नड्डा

अहमदाबाद (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है और वह नहीं जानते कि उनके पिता (राजीव), दादी (इंदिरा) और दादी के पिता (नेहरू) ने संविधान के साथ छेड़छाड़ करने के क्या-क्या प्रयास किए थे।

नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने 65 वर्षों तक देश पर शासन किया और उसके नेताओं ने संविधान के साथ छेड़छाड़ कर इसके बुनियादी प्रावधानों को नष्ट करने की कोशिश की। वह भाजपा के संविधान गौरव अभियान में बोल रहे थे। हाल में, केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ एक टिप्पणी में इंडियन स्टेट शब्द का इस्तेमाल करने को लेकर राहुल पर उन्होंने प्रहार किया। नड्डा ने कहा कि आज हमारे कांग्रेस नेता कहते हैं कि वे इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्हें इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है, न ही उनका इससे कोई लेना-देना है। उन्होंने कहा कि राहुल उन्हें सौंपे गए भाषणों की सामग्री और संदर्भ को समझे बिना उन्हें सिर्फ पढ़ते हैं।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में सिलेंडर ब्लास्ट से लगी भीषण आग, कई टेंट जले

महाकुंभ नगर (एजेंसी)।

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में रविवार को आग लगने की घटना सामने आई. इसके बाद मौके पर प्रशासन की टीम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति का जायजा लिया. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और आग पर काबू पा लिया गया है. पीएम मोदी ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

रविवार दोपहर बाद करीब 4.30 बजे कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गीता प्रेस में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ने के बाद इसके आसपास के प्रयागवाल के 10 टेंट भी प्रभावित हुए। आग लगने के बाद तुरंत

अग्निशमन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदर ने कहा कि गीता प्रेस और आसपास के टेंट में आग लगने की सूचना मिलते ही हम तुरंत कार्रवाई (शेष पेज 2 पर)

2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे

जौनपुर (एजेंसी)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन चुका है। शहर से गांव तक सबसे ज्यादा 5 जी यूजर्स है। हम 2047 तक भारत को विकसित देश बनाएंगे।



रक्षा मंत्री राजनाथ से रविवार को उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के निजामुद्दीनपुर गांव में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगत नारायण दुबे के आवास पर आयोजित मांगलिक समारोह में भाग लेने के पश्चात पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत कुछ बोलता है, तो सारी दुनिया कान खोल कर सुनती है कि भारत बोल क्या रहा है। विज्ञानी सेना से जुड़े उपकरण भारत की धरती पर बना रहे हैं और दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर रहे हैं। देश में 1.30 लाख स्टार्टअप काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के युवाओं को भारत का इतिहास पढ़ना चाहिए।

केजरीवाल को खत्म करने की कोशिश कर रही भाजपाः आतिशी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा अरविंद केजरीवाल को 'खत्म' करने की साजिश रच रही है।

उन्होंने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल की कार पर हुए कथित हमले में शामिल लोगों में से एक को प्रवेश वर्मा के साथ अक्सर देखा जाता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी ने दो लोगों की तस्वीर भी जारी की, जिनकी पहचान शैंकी और रोहित त्यागी के रूप में हुई है, उन्होंने कहा कि वे भाजपा के सदस्य हैं और नई दिल्ली विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के करीबी सहयोगी हैं। आतिशी ने कहा कि कल नई दिल्ली में नई दिल्ली विधानसभा के अंदर अरविंद केजरीवाल की कार पर हमला किया गया। यह हमला भाजपा के गुंडों द्वारा किया गया था।

सैफ का बांग्लादेशी हमलावर गिरफ्तार, पांच दिन की पुलिस हिरासत में आरोपी

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने के आरोपी 30 वर्षीय मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को मुंबई की अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। रविवार को गिरफ्तारी के बाद आरोपी को बांद्रा की अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया था, जहां उसे 24 जनवरी तक मुंबई पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को आरोपी की हिरासत देते हुए अदालत ने कहा कि आरोपी बांग्लादेश का नागरिक है। अंतरराष्ट्रीय साजिश की आशंका को असंभव नहीं कहा जा सकता। इसलिए, जांच अधिकारी को पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। इसलिए, 5 दिन की पुलिस हिरासत दी जा रही है। आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को रविवार को मुंबई के ठाणे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दोपहर डेढ़ बजे आरोपी को बांद्रा की अवकाशकालीन अदालत में पेश किया। पुलिस ने 14 दिन की हिरासत मांगी, जिसका बचाव पक्ष के वकील ने विरोध किया। अदालत में सुनवाई के दौरान, जांच अधिकारी ने 14 दिन की हिरासत की मांग का बचाव किया। उन्होंने कहा, सैफ अली खान को गंभीर चोटें आईं, जिसमें उनके शरीर में चाकू घुस गया हमें (शेष पेज 2 पर)

राहुल की बढ़ी मुश्किलें, इंडियन स्टेट से लड़ाई वाले बयान पर असम में एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं. दरअसल, उनके हालिया बयान को लेकर एफआईआर दर्ज हुई है। मामला ये गै कि कुछ दिन पहले ही राहुल ने कहा था कि भाजपा और आरएसएस ने हर एक संस्थान पर कब्जा कर लिया है और वो अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। इस बयान पर देश भर में बवाल मच गया है। असम में उनके खिलाफ केस भी दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक, गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. राहुल गांधी ने यह बयान 15 जनवरी को दिल्ली के कोटला रोड स्थित कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान दिया था।

स्पेशल खबर *हुडको और विश्व बैंक के माध्यम से अमरावती के ....*

विकास के लिए 27,000 करोड़ मंजूर किएः शाह

अमरावती (एजेंसी)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आंध्र प्रदेश के लिए केवल छह महीनों में तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

शाह, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के दक्षिणी परिसर और विजयवाड़ा के पास राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 10वीं बटालियन के परिसर तथा अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हुडको और विश्व बैंक के माध्यम से अमरावती के विकास के लिए 27,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

शाह ने युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पिछली सरकार पर कटाक्ष करते हुए आंध्र प्रदेश के लोगों से कहा कि वे बर्बाद हुए पांच वर्ष पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायडू और प्रधानमंत्री मोदी राज्य के विकास के लिए नए सिरे से ध्यान केंद्रित कर तेजी से प्रयास करते हुए मिलकर काम करेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि मैं यह आश्वासन देना चाहता हूं कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार आंध्र प्रदेश के विकास के लिए चंद्रबाबू नायडू के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। शाह ने एनडीआरएफ के बारे में कहा कि आज भारत आपदा प्रबंधन के मामले में विश्व स्तर पर अगुआ के रूप में उभरा है और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में देश दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। एनडीआरएफ प्राकृतिक आपदाओं के दौरान काम करता है, जबकि राजग 'मानव निर्मित' संकटों के दौरान लोगों की सेवा करने के लिए आगे आता है।